I B Patel English School (Primary)

2020 -2021

Class - 8

Exercise

Subject – Hindi

Chapter : 1 (तेरी है जमी)

- (दिए गए स्वाध्याय कार्य को अपनी नोटबुक या हिंदी वर्कबुक में लिखिए :)

अभ्यास

1 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(1) आपके मत से सृष्टि के सर्वोपरि कौन है ? क्यों ?

उतर : मेरे मत से सृष्टि में ईश्वर ही सर्वोपरि है क्योकि वह सर्वशक्तिमान है | वह जिसे चाहे मार सकता है और जिसे चाहे बचा सकता है |

(2) आप भगवान् से क्या प्रार्थना करते है ?

उतर : हम भगवान से यह प्रार्थना करते है की वह लोगो पर अपनी कृपा द्रष्टि बनाए रखे | लोग किस हालत में है, इसकी वे हमेशा खबर लेते रहे |

(3) आप ईश्वर से प्रार्थना किस समय करते है ? क्यों ?

उतर : (व्यक्तिगत भिन्न-भिन्न उतर)

(4) भिन्न भिन्न धर्म के लोग प्रार्थना करने के लिए कहाँ- कहाँ जाते है ?

उतर : अपने-अपने पूजास्थान में प्रार्थना करने के लिए जाते है हिन्दू मंदिर में, मुसलमान मस्जिद में, इसाई चर्च में, सिख गुरुद्वारा में और पारसी अगियारी में प्रार्थना करने के लिए जाते है |

2. शब्दों को शब्दकोश-क्रम के अनुसार लिखिए

हृदय, मनुष्य, सुख, शांति, मित्र, डॉक्टर, द्रष्टि, योद्धा, श्रुख्ला, नाविक, और, धन, क्षमता, उज्जवल, मंदिर, दूध, स्वर, धरा

उतर : उज्जवल, और, क्षमता, डॉक्टर, श्रृंखला, द्रष्टि, धन, धरा, नाविक, मंदिर, मनुष्य, मित्र, योद्धा, शांति, दूध, सुख, स्वर, हृदय

3. वचन बदलकर वाकय फिर से लिखिए:

1. मैंने कविता लिखी |

उतर : हमने कविताएँ लिखी |

2. यह मेरी किताबे है |

उतर : ये हमारी किताबे है |

3. इसे लड्डू दे दो |

उतर : इन्हें लड्डू दे दो |

स्वाध्याय

1 प्रश्नों के उतर दीजिए :

(1) कवि ईश्वर से क्या चाहत है ?

उतर : कवि चाहते है कि ईश्वर लोगो के अपराधो को क्षमा करे, वह हमेशा लोगो पर कृपादष्टि रखो दुनिया के लोगो किसे हालत में है इसकी वह हमेशा खबर रखे और दुनिया पर आनेवाली आफतो को दूर करे |

(2) 'तू अपनी नजर हम पर रखना' ऐसा कवि क्यों कहते है ?

उतर : ईश्वर की इच्छा से ही दुनिया में हम आये है | उसी की कृपा से ही हमें यह शरीर और ये प्राण मिले है हमारा जीवन उसी के भरोसे है, क्योकि वही हमारा रखवाला है | इसीलिए कवि ईश्वर से हम पर अपनी नजर रखने के लिए कहते हे |

(3) कवि किसे सबसे ताकतवाला मानते हैं ? क्यों ?

उतर : कवि ईश्वर को सबसे ताकतवाला मानते है, क्योकि ईश्वर सर्वशक्तिमान है वह सब कुछ कर सकता है वह हर आफत को दूर करने में समर्थ है |

(4) कवि खुदा से क्या कहना चाहते है ?

उतर : कवि खुदा से कहना चाहते है कि वह सर्वशक्तिमान और दयालु है | हम सभी लोग ईश्वर के सामने सर झुकाकर खड़े है | वह सब पर अपनी कृपाद्रष्टि बनाए रखे और लोगो पर आई हुई विपतियों को दूर करता रहे |

2. दिए गए भाव के आधार पर काव्य पंक्तियां लिखिए :

(1) हे ईश्वर ! तेरी कृपा से मुझे शरीर और प्राण मिले है | चाहे जो भी हो, तुम अपनी कृपा द्रष्टि हम पर सदा रखना |

उतर : तेरी मर्जी से ए मालिक, हम इस दुनिया में आए है | तेरी रहमत से हम सबने, ये जिस्म-ओ-जां पाए है | तू अपनी नजर हम पर रखना किस हल में है, ये खबर रखना |

(2) हे प्रभु ! ये सारा संसार तेरा है , तू बड़ा दयालु है | तू हम पर अपनी दया द्रष्टि रखना |

उतर : तेरी है जमी, तेरा आसमान, तू बड़ा मेहरबाँ, तू बख्शीश कर |